मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर


महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY **संपादक :** छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 10 | अंक - 47 | मुंबई, सोमवार, दिनांक 14 अगस्त से 20 अगस्त 2023 | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये

कदम कदम पर

परिवार की तरफ से



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

## दिल्ली और लखनऊ के कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मुलाकात - प्रधान संपादक छोटे लाल शर्मा

**प्रिय पाठकों,**

वगत दिनों दिल्ली और लखनऊ दौरे के अद्भुत और सार्थक अनुभवों को शब्दों के माध्यम से आप लोगों के साथ साझा कर रहा हूं। दिल्ली और लखनऊ के कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों से मुलाकात हुई, सभी सम्मानित व्यक्तियों के साथ कई अच्छी और सार्थक संवाद भी हुआ।

छात्रों के लिए वरिष्ठ पत्रकार श्री अनिल शर्मा की अल्प पहल ने गरीब छात्रों का दिल जीत लिया। यहां पर आपको विस्तार से बता दे मेधावी और गरीब छात्रों का भविष्य संवारने के लिए दिल्ली की सामाजिक संस्था चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन के बैनर तले चलने वाले स्कूलों को श्री अनिल शर्मा ने लैपटॉप दान किया।

महान व्यक्तित्व को यहां पर दशार्ते हैं। आपसे एक अरसे बाद मुलाकात करने का सौभाग्य मिला यह मेरे लिए उत्साह का क्षण था जिसे बखूबी श्री भानु प्रताप जी ने यादगार पलों में कन्वर्ट किया उनके समय और समर्पण ने मेरे लखनऊ यात्रा को सुखद बना दिया। उन्हीं के सहयोग और साथ ने मेरी आगे की यात्रा को सुगम कर दिया। इसी मुलाकात कड़ी में एक नाम जोड़ते हुए अरविंद कुमार शर्मा एक कुशल चार्टर्ड अकाउटेंट से मुलाकात मैंने कुछ वित्तीय विषयों पर चर्चा की।

देश की महान शख्सियत से रूबरू होने का सौभाग्य मिला जिनकी विनम्रता और सादगी ने मुझे काफी प्रभावित किया। उनके स्वागत का अंदाज बेमिसाल, अद्वितीय, अतुलनीय आप पर यह लाइन चरितार्थ होती है अतिथि देवो भवः ! जी मैं बात कर रहा हूं श्री नवीन शर्मा की आप एक बॉलीवुड अभिनेता, भाजपा समर्थक राजनेता, सफल उद्योगपति और भावी सांसद



बाएं से भानु प्रताप सिंह, आरएस शर्मा, वरिष्ठ संपादक छोटे लाल शर्मा एमएलसी रामचंद्र प्रधान, दैनिक विधान केसरी मालिक एवं प्रधान संपादक विनेश ठाकुर

## कर चोरी रोको, बढ़ाओ राजस्व: अजित पवार

### वित्त मंत्री का अधिकारियों को निर्देश

**मुंबई।** अभी हॉल ही में वित्त विभाग की कमान संभालने वाले अजित पवार ने राज्य का राजस्व बढ़ाने की दिशा में पहल शुरू की है। गुरुवार को स'ाद्री गेस्ट हाउस में राजस्व वृद्धि को लेकर आयोजित बैठक में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य को विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए राजस्व बढ़ोतरी जरूरी है। हालांकि नागरिकों पर बोझ डालने के बजाय कर चोरी रोककर राजस्व बढ़ाने पर जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीएसटी, वैट, स्टांप ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क, राज्य उत्पादन शुल्क और परिवहन



विभाग को योजनाबद्ध तरीके से काम करते हुए कर संकलन बढ़ाना चाहिए। वित्त और उपमुख्यमंत्री ने राजस्व वृद्धि की नई संकल्पना को पेश करने की अपील की बैठक में राज्य की आर्थिक स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही जीएसटी, वैट, स्टाम्प और पंजीकरण शुल्क, राज्य उत्पादन शुल्क, परिवहन, ऊर्जा, उद्योग, राजस्व अधिकारियों के साथ भी बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से राजस्व वृद्धि के लिए युद्ध स्तर पर कार्य करने के लिए संबंधितों को निर्देश दिए गए। अजित पवार ने बैठक में यह भी कहा कि कर संग्रह बढ़ाने के सुझावों और उपायों का अध्ययन करने के लिए पांच वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति नियुक्त की जानी चाहिए।

वित्त मंत्री ने कहा कि राजस्व लाने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ-साथ कार्यालय में कर अदा करने आने वाले नागरिकों को भी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। करदाताओं की असुविधाओं को दूर किया जाए। परिवहन विभाग को ड्राइविंग लाइसेंस प्रणाली के कामकाज में कमियों को दूर करना चाहिए।



बाएं अभिनेता नवीन, शर्मा वरिष्ठ संपादक छोटेलाल शर्मा, भानु प्रताप सिंह, आरएस शर्मा



दाएं से श्री छोटेलाल शर्मा का सत्कार करते श्री जय किशन ठाकुर जी



बाएं से छोटेलाल शर्मा प्रधान संपादक हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर, राजनेता भानु प्रताप सिंह

मुझे दिल्ली और लखनऊ की कई प्रतिष्ठित हस्तियों से मिलने और बातचीत करने का अद्भुत अवसर मिला। ये बातचीत वास्तव में ज्ञानवर्धक थी और मैंने खुद को इन सम्मानित व्यक्तियों के साथ सार्थक बातचीत में व्यस्त पाया। विचारों का आदान-प्रदान करना, दृष्टिकोण साझा करना और उनके ज्ञान और अंतर्दृष्टि से सीखना मेरे लिए एक विनम्र अनुभव था। शुरूआत देश की राजधानी दिल्ली से करता हूं। यहां यह बताना जरूरी है दिल्ली अपनी हलचल भरी सड़कों और ऐतिहासिक स्थल सभी को समय के पार ले जाते है यही मेरे साथ भी हुआ। मेरे दिल्ली आगमन पर कुछ परिचितों ने मेरा आत्मीय स्वागत किया। इस स्नेह के लिए मैं उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। खासकर चार कदम के प्रधान संपादक श्री जय किशन ठाकुर जी का इनकी विनम्रता और अतिथि सत्कार से दिल्ली में काफी सुखद महसूस किया। वास्तव में श्री ठाकुर की उदारता और मेरे दिल्ली प्रवास को सुखद बनाने के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयास से मैं काफी प्रभावित हुआ हूं।

श्री जय किशन ठाकुर अपनी पवित्र और परोपकारी कृत्यों का संचालन चार कदम वेलफेयर फाउंडेशन के माध्यम से करते हैं। यह फाउंडेशन दिल्ली में गरीब और वंचित बच्चों को शिक्षित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इन्हीं स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब

यहां आपको बता दें राजधानी दिल्ली की झुग्गी झोपड़ियां में गरीब बच्चों के उज्जवल भविष्य प्रदान करने के प्रयासों में एक परोपकारी कृत्य को अनिल शर्मा ने अपनी स्वयं के प्रयासों से अम्लीय जामा पहनाया।

अनिल की उदारता के बहुत सारे किस्सो में यह भी जुड़ गया। हमसे बातचीत में अनिल ने बताया कि आज के डिजिटल युग में सर्वांगीण शिक्षा के लिए प्रौद्योगिकी तक पहुंचना आवश्यक है। परंतु दुर्भाग्य रूप से वंचित पृष्ठभूमि के कई होनहार बच्चों के पास इस प्रकार की संसाधनों की कमी है उन्होंने आगे बताया कि शिक्षा एक शक्तिशाली उपकरण है जो जीवन को बदल सकती है और अवसर की दुनिया के द्वार खोल सकती है। अपने पास लैपटॉप होने से यह छात्र अपने सीखने के अनुभवों को बढ़ाने ऑनलाइन शोध और डिजिटल कौशल विकसित करने में सक्षम होंगे। दिल्ली की स्मृतियां छोड़कर आगे के लखनऊ प्रवास पर निकल पड़ा।

दूसरी ओर लखनऊ में श्री आरएस शर्मा ने भव्य आतिथ्य और नवाबी आकर्षण के साथ मेरा स्वागत किया। अब समय था शहर के सम्मानित शख्सियतों से मुलाकात का। पहल श्री भानूप्रताप सिंह से हुई जो देश में किसी परिचय के मोहताज नहीं आप एक बुद्धिजीवी राजनेता एवं प्रखर वक्ता है। शहर की राजनीति में विपरीत विचारधारा के शख्सियतों से भी उनके तालुका सभ्य एवं मधुर है जो उनके



बाएं अभिनेता नवीन, शर्मा वरिष्ठ संपादक छोटेलाल शर्मा, भानु प्रताप सिंह, आरएस शर्मा



तस्वीर में दाएं से वरिष्ठ संपादक छोटे लाल शर्मा, सपा नेता संजय विद्यार्थी विद्यार्थी, दैनिक विधान केसरी समाचार समूह के मालिक एवं प्रधान संपादक विनेश ठाकुर, वरिष्ठ राजनेता भानु प्रताप सिंह, आरएस शर्मा

प्रत्याशी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 33 उन्नाव हैं। उनके कार्यालय पहुंचा जहां पर वह पहले से ही मेरा इंतजार कर रहे थे इतने भव्य व्यक्तित्व का व्यवहार मेरे लिए प्रेरणादायक रहा अपने व्यस्त समय से मुझे मुलाकात का वक्त देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। यह श्री नवीन जी की महानता है मेरे पहुंचने को अपना सौभाग्य बताते हुए मेरा प्रोत्साहन किया। पुष्पमाला पहनाकर अंग वस्त्र भेंटकर मेरा आतिथ्यसत्कार किया। यह मेरे लिए गौरव का क्षण था। मैंने भी श्री नवीन जी का अभिवादन करने की इच्छा प्रकट की जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। साफा भारतीय संस्कृति में मान सम्मान और प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता है। श्री नवीन जी के सिर पर साफा बांधकर मैंने अपनी आकांक्षाओं को विराम दिया। श्री नवीन जी से संवाद में उनके सुंदर संस्कारों की झलक मिली उन्होंने कहा देश किसी एक व्यक्ति से या उसके एक अच्छे काम से आगे नहीं बढ़ सकता। इसके लिए हम सबको आगे आना पड़ेगा, देश अच्छा तभी होगा, जब हम सब मिलकर इसको अच्छा बनायेंगे। उन्होंने आगे बताया 33 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र उन्नाव की आवाम ने अपनी आवाज उठाने का उत्तरदायित्व मुझ पर जता आ रही है। अब फैसला भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व को करना है जिसे मैं तहे दिल से स्वागत करूंगा। खैर इन सुखद पलों को यही छोड़कर आगे की यात्रा पर निकल पड़ा।

अगला पड़ाव विधान केसरी दैनिक समाचार समूह के मालिक एवं प्रधान संपादक श्री विनेश ठाकुर का कार्यालय था। मैंने वहां शिरकत की इसी दरमियान विधान केसरी के कार्यालय में भाजपा एमएलसी श्री रामचंद्र प्रधान जी का भी आगमन हो गया। यहां पर बता दे उनके कार्यालय में मुलाकात मेरी पूर्व निर्धारित थी खैर मुलाकात विधान केसरी कार्यालय में ही हो गई। एक-दूसरे का अभिवादन करते हुए मुझे उनसे आतिथ्यसत्कार का सौभाग्य प्राप्त हुआ। तत्पश्चात उनके साथ मध्याहन-भोजन भी किया। भोजन के उपरांत कुछ सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई। समय अपनी गति से भाग रहा था शहर की और सम्मानित विभूतियों से मुलाकात का लक्ष्य था जिसमें प्रमुख थे सपा युवा नेता श्री संजय विद्यार्थी उसे मुलाकात करने के लिए मुझे जरा सी भी मशक्कत नहीं करनी पड़ी खुद ही वह भी विधान केसरी के कार्यालय में आ पहुंचे। यह उनकी विनम्रता का जीता जागता उदाहरण है। उनसे कुछ विशेष विषय पर चर्चा हुई। आगे की बनारस यात्रा के लिए मुझे निकलना था सभी से इजाजत लेते हुए श्री आरएस शर्मा, श्री भानु प्रताप ठाकुर, श्री नवीन शर्मा, एमएलसी श्री रामचंद्र प्रधान, विधान केसरी समूह के मालिक आदरणीय श्री विनेश ठाकुर, सपा नेता श्री संजय विद्यार्थी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए लखनऊ की सफल यात्रा को यहीं पर विराम दिया।



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

### सत्ता में पहुंचकर भूल गए ...

भारत का एक सामान्य नागरिक अधिक से अधिक कितने राजनीतिक दलों से परिचित होता है? यह माना जा सकता है कि मुख्य दलों से सभी परिचित होते हैं। अनेक स्थानों पर क्षेत्रीय दल राष्ट्रीय दलों से अधिक चर्चित होते हैं। हाल में 26 और 38 राजनीतिक दलों की हुईं दो अलग-अलग बैठकें भारत की राजनीति में अधिकांश दलों की स्थिति को पूरी तरह स्पष्ट कर देती हैं। वर्तमान समय में कौन दल, किसके साथ, कब गठबंधन कर लेगा और कितने दिन बाद फिर वापस नहीं लौट जाएगा, इस पर राजनीति के बड़े-बड़े पंडित भी कुछ कहने में असमर्थ होंगे। इस समय भारतीय राजनीति में सत्ता के लिए सिद्धांतों को नकारने वालों में सामान्य जन में सबसे अधिक चर्चित नाम बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का है। वह राजनीति में जेपी आंदोलन के समय उभरे थे। वैसे नीतीश कुमार के ऊपर अपार धन संग्रह के ऐसे आरोप कभी नहीं लगे, जो उत्तर प्रदेश और बिहार के दो पूर्व मुख्यमंत्रियों पर लगातार लगते रहे, लेकिन उन्होंने भी उन्हीं की तरह जेपी के सिद्धांतों को पूरी तरह नकार दिया। जेपी के इन तीनों शिष्यों से अपेक्षाएं तो बहुत बड़ी-बड़ी उभरी थीं, लेकिन सत्ता में पहुंचकर ये वही सब भूल गए, जिसके लिए उन्होंने लाठियां खाई थीं।

दलगत राजनीति में राष्ट्र और अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के प्रति निर्बाध समर्पण करने वालों की उपस्थिति जिस तेजी से पिछले चार-पांच दशकों में घटी है, उससे दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले सामान्य जन भी अवगत हो चुके हैं। वैसे आजादी के बाद के तीन दशकों में ही इसकी शुरूआत हो गई थी, लेकिन उसके उपरांत इसकी गति तेज हो गई। आज इसमें क्षेत्रीयता, जातिवाद, परिवारवाद और मुस्लिम समुदाय की वोट बैंक के रूप में स्थापना जैसे तत्वों के शामिल हो जाने से स्थिति भयावह हो गई है।


उच्च संवैधानिक पदों पर पहुंचे लोग जिस तेजी से धनवृद्धि और वैभव में लिप्त हो गए, जनहित उसी तेजी से पीछे चला गया। सरकारी बंगलों तक से ऐसा लगाव पैदा हुआ कि माननीयों के लिए स्वजनों को उत्तराधिकारी बनाना ही एकमेव लक्ष्य बन गया। आज छोटे-बड़े नेताओं के ही नहीं, बल्कि नेताओं के सहायकों के घर करोड़ों की नकदी मिलती है तो किसी को आश्चर्य नहीं होता है। आइएएस अधिकारियों के घरों से जब 15-20 करोड़ की नकदी बरामद की जाती है तब व्यवस्था में नैतिकता की खोज करने या वैसी अपेक्षा का कोई अर्थ नहीं रह जाता है। इसमें सजा तो अपवादस्वरूप कुछ को ही मिली, मगर वे भी देश की राजनीति से अलग नहीं हुए। आज अपने राजनीतिक दलों को परिवार को समर्पित कर निश्चिंत होकर बिना किसी लज्जा या शर्म के राजनीति में मुखर बने हुए हैं। अपने को कांग्रेस की विरासत और गांधी के सिद्धांतों का उत्तराधिकारी घोषित करने वाले भी भ्रष्ट और सजायाफ्ता अपराधियों का आशीर्वाद बिना हिचक ले रहे हैं। जेपी आंदोलन ने देश को नई आशा और मूल्यों पर राजनीति करने का जो मार्ग दिखलाया था, उससे निकले उनके शिष्यों ने परिवारवाद और धन-संग्रह के लालच में उसे पूरी तरह से नकार दिया। वर्ष 2011 में अन्ना आंदोलन ने देश में एक बार फिर से नई संभावनाओं की ज्योति को प्रस्फुटित कर दिया था। देश को लगा कि उसे ऐसा नेता मिला है, जो कसम खाकर कहता है कि उसे न बंगला चाहिए, न सरकारी गाड़ी चाहिए, न सुरक्षा चाहिए, न ही कोई विशेषाधिकार या उसकी व्यवस्था चाहिए। आज जब विरोधी पक्ष ग्यारह साल के वीडियो दिखाता है तो लोग हतप्रभ रह जाते हैं कि क्या उनके साथ ऐसा भी किया जा सकता है! जनता की समझ और स्थिति का विश्लेषण करने की क्षमता का इतना बड़ा मजाक किसी अन्य ने कभी नहीं बनाया। स्वार्थ, संग्रह और स्वजन के प्रति समर्पित इस राजनीतिक युग में अपवाद छोड़कर स्वार्थ रहित जन सेवा तथा राष्ट्र के प्रति समर्पण कहीं खो गया है।

# शिवा शर्मा को सम्मानित किया गया





**मीरजापुर।** पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए अमर उजाला संस्थान द्वारा चुनार तहसील प्रतिनिधि शिवा शर्मा को सम्मानित किया गया। मुख्यालय पर आयोजित सम्मान समारोह में श्री शर्मा को संस्थान की ओर से आएं वरिष्ठ अधिकारियों ने उपहार व स्मृति चिन्ह देकर उन्हें पुरस्कृत एवं सम्मानित किया है। बतातें चलें कि शिवा शर्मा अमर उजाला से पूर्व अन्य हिंदी दैनिक समाचार पत्रों में भी लेखन कार्य कर चुके हैं। वह नगर की अति प्रसिद्ध प्राचीन धार्मिक संस्था श्री राघवेन्द्र रामलीला कमेटी व नयनागढ महोत्सव समिति में भी मीडिया प्रभारी के रूप में अपने दायित्वों का कुशल निर्वहन किए हैं।वर्तमान समय में श्री शर्मा अमर उजाला समाचार पत्र व यूपी जर्नलिस्टस एसोसिएशन की जिला इकाई मीरजापुर में महामंत्री का दायित्व निभा रहे।सम्मानित किए जाने पर पत्रकारों के साथ ही गणमान्य लोगों ने हर्ष जताते हुए उन्हें बधाई दी है।



पुरुषोत्तम मास अधिक माह निमित्त ब्राम्हण पुजन



संभाजी नगर जिला केमिस्ट and drgist एसोसिएशन के उपाध्यक्ष परिमल सेठ पालेजा इनका सम्मान करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन अध्यक्ष अशोक पवार khandalakar

## ऐतिहासिक दुर्ग में विशाल तिरंगा ध्वज फहराये जाने की तैयारी




चुनार दुर्ग स्थित डाक बंगले पर ध्वज के पास स्वागतम चुनार लिखा हुआ सेल्फी प्वाइंट ।

**शिवा शर्मा**

**चुनार।** स्वतंत्रता दिवस पर चुनार के ऐतिहासिक दुर्ग में विशाल तिरंगा ध्वज फहराये जाने की लगभग तैयारी पूरी हो चुकी है। दुर्ग स्थित डाक बंगले पर ध्वज फहराने के लिए 75 फीट का पोल लगाया जा चुका है। तीस फीट लंबा एवं बीस फीट चौड़ा यह ध्वज स्थानीय एवं बाहर से आने जाने वाले राहगीरों एवं दुर्ग में आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। दुर्ग पर फहरने वाला यह ध्वज चुनार तहसील अंतर्गत अदलपुरा एवं आसपास के गांवों से भी लोगों को दिखाई देगा। रात के समय यह ध्वज एलईडी लाइट की रोशनी से जगमगाएगा।ध्वज स्थल पर लोहे की जाली पर लाल कलर के फाइवर अक्षर से 'स्वागतम चुनार' लिखा सेल्फी प्वाइंट तैयार किया गया है जो चुनार पक्का पुल से रात में एलईडी लाइट के जरिए लोगों को दूर से ही आकर्षित करेगा।दुर्ग पर इस ध्वज के फहरने की नगर के लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।बताते चलें कि ऐतिहासिक दुर्ग व नगर में मिट्टी से निर्मित मूर्ति व खिलौने के साथ ही अहरौरा की कास्ट से निर्मित खिलौनों को विश्व स्तरीय पहचान दिलाने के दृष्टिकोण से नगर में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के प्रयास से बीतें दिनों आयोजित चुनार महोत्सव के बाद लंबे अर्से से ऐतिहासिक दुर्ग पर तिरंगा फहराए जाने का सपना भी अब साकार होगा।

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३




# कीर्ति शर्मा ने जीता सावन सुंदरी का ताज

## हर्ष हैवेन्स सोसायटी में सावन सुंदरी का आयोजन

**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** हर्ष हैवेन्स सोसायटी सरकंडा में सावन सुंदरी पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विविध गेम्स हुए। सावन सुंदरी के ताज से कीर्ति शर्मा को नवाजा गया । गेम में प्रथम इंद्रायनी मोइत्रा, द्वितीय निर्जला सिंह और तृतीय नीता अग्रवाल रहीं। इस अवसर पर उज्ज्वला पातुरवार ने कहा कि सावन उत्सव मनाने का उद्देश्य देश भर की संस्कृति से परिचित होना है । कार्यक्रम में श्वेता पाण्डेय,मंजु कुमार,कीर्ति शर्मा,सुनीता दुबे,नीता, अर्चना वासन्ति व शांति गुप्ता ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन उज्ज्वला पातुरवार ने किया।







नागपुर राजस्थानी सेन समाज मंडल द्वारा जिला रत्नागीरी मौजा आमेळी तालुका चिपळुण यहाँ से महाराष्ट्रीयन नाभिक (नाई)समाज कि 25/वर्षीय कुमारी निलीमा सुधाकर चव्हाण इसकी तालुका दापोली में संदिग्ध तरीके से खाड़ी में लाश मिली थी।(1/8/23/) को उसकी निष्पक्ष जांच कि जाए इसका ज्ञापन महाराष्ट्र के उपमुख्य मंत्री,ग्रहमंत्री श्रीमान देवेन्द्र जी फडणवीस को दिया गया उस वक्त समाज के पुर्व अध्यक्ष श्री राजेश जी सावडीया, सचिव विनोद जी पवार अध्यक्ष रमेश चांगल, कोषाध्यक्ष प्रफुल्ल जी निर्वाण, एंव अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे ....जय श्रीराम जी की ...जय सेन जी महाराज की।

# छोटेलाल शर्मा का भव्य स्वागत लखनऊ में किया गया



**लखनऊ,** छोटेलाल शर्मा संपादक का दी दिवसीय यात्रा लखनऊ रहा जहा पर बाबूलाल नन्द प्रबंधक बिपणन राष्ट्रीय केमिकल एंड फर्टिलाइजर लिमिटेड भारत सरकार ने व आर आर शर्मा ने भव्य स्वागत किया और सामाजिक आर्थिक राजनितिक विकास पर किया गया चर्चा बाबूलाल नन्द बहुत ही उदारवादी हसमुख विचार धारा के व्यक्ति है और अपनो का सम्मान करना अपना भगय समझते हैं।




राष्ट्रीय ओ, बी, सी महासंघ, ऑल इंडिया बैकवर्ड क्लासेज फेडरेशन एवं बी सी वेलफेयर एसोसिएशन, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के सहयोग से राष्ट्रीय ओ बी सी महासंघ का आठवां राष्ट्रीय महा अधिवेशन दिनांक 7 अगस्त 2023 को महती ऑडिटोरियम, बालाजी कालोनी तिरुपति, आंध्र प्रदेश में संपन्न हुआ। जिसमे भारत के विभिन्न प्रदेशों के पिछड़े वर्ग के हजारों की संख्या में पुरुष, महिलाएं एवं बच्चो ने सहभाग किया।

इस महा अधिवेशन में ऑल इंडिया महापदम नंद कम्युनिटी एजुकेटेड एसोसिशन के राष्ट्रीय महासचिव श्री अवधराज नंद एवं राष्ट्रीय अपर महासचिव श्री हरद्वारी लाल आर्य ने महासंघ के अहवाहन पर सहभाग किया। इस महा अधिवेशन में नंद समाज के प्रतिनिधियों ने सहभाग किया एवं आयोजन में भी बड़ी सहभागिता रही।

इसमें ओबीसी समाज के हित की मांगों को लेकर चर्चाएँ हुई और महा संघ द्वारा केंद्र सरकार से लागू करने की अपील के साथ केंद्र सरकार को भेजने का भी आश्वाशन दिया गया।

इस महा अधिवेशन में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष श्री हंसराज अहीर, श्री ओवैसी, आंध्र प्रदेश के सेवानिवृत न्यायाधीश श्री वी इश्वराइया जी एवं न्यायधीश वीरेंद्र यादव जी(सेवानिवृत) विशेषकर अपने विचार सदन के सामने रखे। सहयोग और सद्भावना के साथ महा अधिवेशन का समापन हुआ।

# महाराष्ट्र कूर्मि क्षत्रिय समाज का स्थापना दिवस 15 अगस्त को

**मुंबई:** महाराष्ट्र कूर्मि क्षत्रिय समाज का स्थापना दिवस समारोह 15 अगस्त 2023, मंगलवार को सायं 4:00 बजे से श्री बसन्तराव नाइक हॉल, बी-केबिन रोड, नवपाड़ा, ठाणे पश्चिम में आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संस्था के महासचिव डॉ यू पी सिंह ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि



अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सर्वेश कुमार कटियार तथा विशिष्ट अतिथि श्री बंशीधर नायक होंगे। इस अवसर पर संस्था समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को पारितोषिक प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित करता है। साथ समाज के संस्थापकों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं अपने वरिष्ठ नागरिकों का भी सत्कार करता है।

महाराष्ट्र कूर्मि क्षत्रिय समाज ने स्वजनों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# बंगाली स्वर्ण शिल्पी कल्याण संघ का कारीगर अप-लिफ्टिंग प्रतियोगिता सम्पन्न

**मुंबई:**-अभी हाल ही में जवेरी बाजार स्थित इंडियन बुलियन ज्वेलरी असोसिएशन भवन में बंगाली स्वर्ण शिल्पी कल्याण संघ की तरफ से आयोजित पिछले एक हप्ते से चल रहें प्रदर्शनी एवंम कारीगर अप-लिफ्टिंग प्रतियोगिता का समापन हो गया।

इस समापन समारोह में महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष तथा विधायक ॲड. राहुल नार्वेकर,गोल्ड स्मिथ कॉर्डिनेशन कमिटी के अध्यक्ष और श्रीसिद्धिविनायक गणपती मंदिर ट्रस्ट के सर्वश्री विश्वस्त राजाराम देशमुख प्रमुख अतिथी के रूप में उपस्थित थे।



पिछले एक सप्ताह से इंडियन बुलियन ज्वेलरी असोसिएशन के मुख्यालय में चल रहें कारीगर अप-लिफ्टिंग के महाप्रदर्शनी प्रतियोगिता में हजारों कारीगरों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने कला के शानदार प्रदर्शन से आगंतुक व्यापारी एवंम ग्राहकों का दिल जीत लिया।

प्रतियोगिता के तीन प्रमुख विजेता कारीगरों को अतिथियों के हाथों उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राजाराम देशमुख ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कारीगरों तथा व्यापारी भाईयों को संबोधित करते हुए कहा कि आज ज्वेलरी व्यवसाय में कारीगरों की दशा बहुत ही दयनीय है।कारीगरों को जो मान-सम्मान और उनके परिश्रम का जो फल मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा है। परिणाम स्वरूप बहुत से कारीगर काम सिखने के बाद निराश होकर ज्वेलरी व्यवसाय को छोड़ रहे हैं।इसका एक मुख्य कारण यह भी है कि जवेरी बाजार में कुछ दलाल कारीगरों का हक्क भी मार रहे हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह से किसान खेत में फसल उगाने के लिए कठोर मेहनत करता है लेकिन फसल उगने के बाद उसकी असली कमाई तो बीच के दलाल ही खा जाते हैं।किसान को जो कुछ मिलता है वह नही के बराबर होता है।ठीक यही हाल ज्वेलरी व्यवसाय के कारीगरों का है।श्रीदेशमुख व्यापारी भाईयों से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि ह्नअगर कारीगर बचेगा तभी व्यापार चलेगा और व्यापारी भी बचेगें!ह्नउन्होंने यह भी कहा कि आनेवाले समय में कारीगरों के अलग-अलग तरह के हुनर को दुनिया के सामने लाने के लिए इस तरह के कारीगर अप-लिफ्टिंग प्रतियोगीता का आयोजन समय समय पर करना चाहिए।उन्होंने अपने भाषण के समापन पर इसके आयोजकों का दिल से आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में कन्हैया कक्कड,इंडियन बुलियन ज्वेलरी असोसिएशन के सचिव सुरेंद्रनाथ मेहता,हारूदास,कालिपद सिन्हा,जनक संघवी,राधानाथ मोदक,अकरम शेख के अलावा जवेरी बाजार के सैकड़ों प्रमुख व्यापारी और कारीगर उपस्थित थे।

**प्रस्तुति:-कपिलदेव खरवार**

महाराष्ट्र शासन
कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,
मध्य मुंबई (सा.बां.) विभाग, गणपत जाधव मार्ग,
वरळी, मुंबई - ४०० ०१८.

Email :- centralmumbai.ee@mahapwd.gov.in ☎ ४९३६४०४/२४९३१९०२ फॅक्स २४९३१९०२

जा.क्र.का.अ./मर्मुवि/ई-निविदा/ ४११० दिनांक :- ०८/०८/२०२३

**निविदा सूचना १७(सतरा) (सन २०२३-२४)**

कार्यकारी अभियंता, मध्य मुंबई (सा.बां.) विभाग, वरळी, मुंबई कार्यालयीन दूरध्वनी क्रमांक २४९३१९०२/२४९३६४०४ महाराष्ट्र शासनाच्या सार्वजनिक बांधकाम खात्याकडे योग्य त्या वर्गातील नोंदणीकृत कंत्राटदारांकडून खालील कामाकरीता "बी-१" नमुन्यातील निविदा मागवित आहेत. तसेच निविदा स्विकारण्याचा अथवा नाकारण्याचा अधिकार कार्यकारी अभियंता, मध्य मुंबई (सा.बां.) विभाग, वरळी, मुंबई यांनी राखून ठेवला आहे. अट असलेली निविदा स्विकारली जाणार नाही.

| अ. क्र | कामाचे नाव | रक्कम (लाखात) |
|---|---|---|
| 1 | सायन प्रतीक्षा नगर येथील बिल्डिंग नंबर एल १ ए व एल १ बी सायन मुंबई येथे वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणे. | ७.७६ |
| 2 | सायन प्रतीक्षा नगर येथील बिल्डिंग नंबर एल १ सी व एल १ डी सायन मुंबई येथे वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणे. | ७.७६ |
| 3 | सायन प्रतीक्षा नगर येथील बिल्डिंग नंबर एल एल ५ ए व एल ५ बी सायन मुंबई येथे वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणे. | ७.७६ |
| 4 | सायन प्रतीक्षा नगर येथील बिल्डिंग नंबर एल एल ९ इ सायन मुंबई येथे वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणे. | ३.८७ |
| 5 | गर्ल्स आय.टी.आय., एसीपी ऑफिस माटुंगा आणि पोलीस स्टेशन, पोलीस स्टेशन कंपाऊंड, माटुंगा येथील लॉकअप बिल्डिंग, दादर पोलीस कंपाऊंड येथील सीआयडी ट्रेनिंग सेंटर, प्रभादेवी दादर मुंबई येथे वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणे. | ७.१७ |
| 6 | गोखले रोड येथील रेशनिंग ऑफिस, एस.आर.पी.एफ. बॅरेक १ व २, सब डिव्हिजन ऑफिस, दादर पोलीस स्टेशन कॅम्पस, दादर मुंबई येथे वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणे. | ३.४१ |
| 7 | ३२ पोलीस निरीक्षक क्वाटर्स, दादर, मुंबई येथे वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणे. | ५.४२ |
| 8 | ३२ पोलीस उपनिरीक्षक क्वाटर्स, दादर, मुंबई येथे वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणे. | ४.९६ |
| 9 | सायन पोलीस स्टेशन कॅम्पस, माटुंगा येथील ४ युरोपीयन क्वाटर्स व आर.सी.सी. चाळ 'ए' ब्लॉक, माटुंगा मुंबई येथे वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणे. | ८.३९ |
| 10 | माटुंगा पोलीस कॅम्पस, माटुंगा, मुंबई येथील आर.सी.सी. चाळ 'बी' ब्लॉक येथे वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणे. | ८.०४ |
| 11 | ४ युरोपीयन क्वाटर्स, ५ स्टाफ क्वाटर्स व २८ कॉन्स्टेबल क्वाटर्स दादर पोलीस कॅम्पस मुंबई येथे वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणे. | ७.२५ |
| 12 | दादर पोलीस कॅम्पस, दादर, मुंबई येथील आर.सी.सी. 'ए' व 'बी' ब्लॉक येथे वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणे. | ८.१८ |
| 13 | दादर पोलीस कॅम्पस मुंबई येथील आर.सी.सी. चाळ 'सी' व 'डी' येथे वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणे. | ८.११ |
| 14 | दादर पोलीस स्टेशन कंपाऊंड, दादर, मुंबई येथील इमारत क्र. १ येथे वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणे. | १.९८ |
| 15 | दादर पोलीस स्टेशन कंपाऊंड, दादर, मुंबई येथील इमारत क्र. २ व ३ येथे वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणे. | ८.३९ |
| 16 | दादर पोलीस स्टेशन कंपाऊंड, दादर, मुंबई येथील पोलीस क्वाटर्स इमारत क्र. ४ व ५ येथे वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणे. | ८.३९ |
| 17 | १६ कॉन्स्टेबल क्वाटर्स, 'ए' ब्लॉक किंग्स सर्कल, माटुंगा मुंबई येथे वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणे. | ८.४० |
| 18 | १६ कॉन्स्टेबल क्वाटर्स 'बी' ब्लॉक, किंग्स सर्कल, माटुंगा मुंबई येथे वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणे. | ८.४१ |
| ई-निविदा उपलब्ध कालावधी- | दि.११/०८/२०२३, सकाळी १०.०० पासून ते दि.१८/०८/२०२३ रोजी ११.०० पर्यंत | |
| ई-निविदा उघडणे (शक्य झाल्यास) - | दि.१८/०८/२०२३ रोजी १७.०० वाजता (कार्यकारी अभियंता, मध्य मुंबई (सा.बां) विभाग, यांचे कार्यालय, गणपत जाधव मार्ग, वरळी, मुंबई | |

कार्यकारी अभियंता,
मध्य मुंबई (सा.बां.) विभाग,
वरळी, मुंबई.

डीजीआयपीआर आरओसी - २०२३-२४ क्र-५/C२८३५


































## MISSING / गुमशुदा की तलाश



### श्रीमती सुशीला ब्रिजकिशोर वर्मा

हमारी माताजी श्रीमती सुशीला ब्रिजकिशोर वर्मा, उमर ६५ साल, रंग गोरा, लंबाई ५ फुट, नीली साड़ी पहनी है। दिनांक १०/०८/२०२३ गुरुवार, समय ११.३० से कल्याण विठ्ठलवाडी से गुमशुदा है। उनका दिमाग का संतुलन खराब है। किसी को कोई भी जानकारी मिली तो तुरंत संपर्क करे।
पत्ता : मिलिंद नगर, एफ कैबिन, साई बाबा चाल, काटेमानेवाली, कल्याण, ईस्ट. मोबाइल नंबर : ९३७२४१०९४२ / ९६१९५७५५३९

Mob. : 9372410942 / 9619575539 / 8433536662

मिल्ने वाले को रू. ५००० का इनाम दियाजायेगा

यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com

# पांच साल पुराने मामले में दो पुलिसकर्मियों पर प्राथमिकी... वांछित आरोपी की फर्जी मुठभेड़ में हत्या का आरोप

**महाराष्ट्र :** चोरी के कई मामलों में वांछित आरोपी जोगिंदर राणा की 2018 में कथित फर्जी मुठभेड़ में हत्या, सबूत गायब करने और आपराधिक साजिश के आरोप में दो पुलिसकर्मियों के खिलाफ पालघर में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश के दो हफ्ते बाद बुधवार को मामला दर्ज किया गया। बॉम्बे हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि घटना की जांच के लिए ठाणे पुलिस आयुक्त की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाए। हाईकोर्ट ने यह भी आदेश दिया था कि चार सप्ताह के भीतर अदालत को एक रिपोर्ट सौंपी जाए।

अदालत ने जोगिंदर राणा के भाई सुरेंद्र राणा द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया।याचिका में दावा किया गया था कि कथित फर्जी मुठभेड़ पुलिस नायक मनोज सकपाल और हेड पुलिस कांस्टेबल मंगेश चव्हाण ने की थी, जो महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा में स्थानीय अपराध शाखा से जुड़े थे। पहले की सुनवाई के दौरान, पालघर के पुलिस अधीक्षक ने एक हलफनामा दायर कर दावा किया गया था कि जोगिंदर राणा ने ही सबसे पहले पुलिस पर हमला किया था।




हलफनामे के अनुसार, 23 जुलाई, 2018 को चव्हाण और सकपाल पुलिस स्टेशन आ रहे थे, इस दौरान उन्होंने जोगिंदर को देखा। जब दोनों ने जोगिंदर को रोका तो उसने चाकू निकाल लिया और उन पर हमला करना शुरू कर दिया। जवाबी कार्रवाई में चव्हाण ने जोगिंदर पर दो गोलियां चलाईं। जिसके बाद अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि चव्हाण और सकपाल को इलाज के लिए नालासोपारा इलाके के तुलिंज के एक सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सुरेंद्र राणा के वकील दत्ता माने ने हाईकोर्ट को बताया था कि घटना के दौरान और बाद में सार्वजनिक और चश्मदीद गवाहों ने तस्वीरें खींची थीं और वीडियो क्लिप रिकॉर्ड की थीं, जिससे संकेत मिलता है कि पुलिस ने मृतक का ''फर्जी'' एनकाउंटर किया था। माने ने कहा कि सुरेंद्र राणा ने एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर महाराष्ट्र सरकार के साथ-साथ पुलिस महानिदेशक और पालघर के पुलिस अधीक्षक जैसे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को कई अभ्यावेदन दिए थे।

# पालघर में परिजनों के अंधविश्वास के सर्पदंश के मरीज की बिगड़ी हालत...



**पालघर :** महाराष्ट्र के पालघर जिले के एक अस्पताल में सर्पदंश से पीड़ित एक आदिवासी व्यक्ति पर उसके परिवार के सदस्यों ने कथित तौर पर टोने-टोटके किए और इस दौरान व्यक्ति की तबीयत और खराब हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके बाद मरीज को इलाज के लिए पड़ोसी केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली के एक अन्य अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। तलासरी तालुका के करजगांव निवासी सोमा ठाकरे को मंगलवार शाम को सांप ने काट लिया। उन्हें तलसारी तालुका के एक ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। जिला सिविल सर्जन डॉ. संजय बोडाडे ने बुधवार को बताया कि मरीज के एक रिश्तेदार ने चिकित्सकीय दल के विरोध के बावजूद कथित तौर पर उन्हें ''पवित्र जल (अंधविश्वास के तहत उन्हें ठीक करने के लिए) देने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि रिश्तेदारों ने इसका वीडियो भी रिकॉर्ड किया और इसे सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया। अस्पताल के चिकित्सक डॉ. प्रदीप भारती ने संवाददाताओं को बताया कि मरीज को रक्तस्राव होता रहा और उसकी हालत बिगड़ गई। चिकित्सकों ने कहा कि परिजन उसे दादरा और नगर हवेली के एक अस्पताल ले गए। तलासरी अस्पताल के एक चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में काम करने के दौरान होने वाले जोखिम के कारण उन्होंने अस्पताल के लिए पुलिस सुरक्षा मांगी है।

# आरे में शुरू की बालवाड़ी...



**मुंबई :** आरे में बालवाड़ी शुरू होने से स्थानीय लोगो में खुशी की लहर छा गई है।आरे कॉलोनी में स्मार्ट आंगनवाड़ी शुरू करने की मांग स्थानीय भाजपा को पूर्व नगरसेविका प्रीति साटम ने कौशल्य विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा से की थी। लोढ़ा ने आरे कॉलोनी के यूनिट 7 देवी पाड़ा आदिवासा पाड़ा में आरे कॉलोनी के यूनिट 31 और 32 सहित पूरे आरे कॉलोनी के 13 स्थानों पर स्मार्ट आंगनवाड़ी की सुविधा म्हाडा झोपड़ पट्टी सुधार मंडल के द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है।

# महाराष्ट्र में लागू हो शक्ति कानून

## महिला सुरक्षा को लेकर राज्यपाल से मिला युवती सेना का प्रतिनिधिमंडल



**मुंबई :** राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाए जाने, शक्ति कानून को तत्काल लागू करने की मांग को लेकर युवती सेना (ठाकरे गुट) के प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की। राज्यपाल को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि मणिपुर में ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिससे भारत का सिर शर्म से झुक गया। महाराष्ट्र में भी महिलाओं के खिलाफ हिंसा, अत्याचार, महिलाओं के लापता होने की घटनाएं बढ़ी हैं। हर जगह महिलाओं में असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है। युवती सेना ने राज्यपाल से इन घटनाओं पर रोक लगाने के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की। युवती सेना तथा महिला आघाड़ी ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर उचित समाधान नहीं निकाला गया तो शिवसेना स्टाइल में सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।इस मौके पर युवा सेना की कार्यकारणी सदस्य शीतल सेठ देवरुखकर, सुप्रदा फातर्पेकर, राजोल पाटिल, धनश्री कोलगे, उपसचिव युवासेना रेणुका विचारे, लायना रामगिरी युवती विभागधिकारी मलबार हिल, वैष्णवी चव्हाण ठाकुर, प्रियंका गोकर्णे मुंबई संयोजक, विधानपरिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे, विशाखा राऊत, मीना कांबली, ज्योति ठाकरे, संजना घाडी, पूर्व नगरसेविका प्रवीणा मोरपरकर, अंजली नाईक, पूर्व महापौर श्रद्धा जाधव, दीपमाला बडेकर, पद्मावती शिंदे, युगंधरा सालेकर महिला, संतोष शिंदे आदि उपस्थित थे।

# हड़ताल खत्म पर 'बेस्ट के निजी संचालकों के कई कर्मचारी काम पर नहीं लौटे...!

**मुंबई:** बृहन्मुंबई विद्युत आपूर्ति एवं यातायात (बेस्ट) के निजी संचालकों के कई कर्मचारी हड़ताल वापस लिए जाने के एक दिन बाद बुधवार सुबह काम पर वापस नहीं लौटे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। बेस्ट के एक प्रवक्ता सुनिल वैद्य ने बताया कि पट्टे पर ली गई लगभग 85 प्रतिशत बसों का परिचालन निजी संचालकों के चालकों द्वारा किया जा रहा है। वैद्य ने बताया कि सुबह 10 बजे तक की जानकारी के अनुसार, बेड़े में शामिल 3,040 बसों में से 97.5 फीसदी बसों का संचालन किया गया। इनमें पट्टे पर ली गई और बेस्ट के स्वामित्व वाली बसें शामिल हैं।

वैद्य ने दावा किया कि निजी बस संचालकों के सभी कर्मचारी बस डिपो में काम पर लौट आए हैं। हालांकि, उन्होंने उनकी सटीक संख्या नहीं बताई। उन्होंने कहा, ''निजी बस संचालकों के कर्मचारियों द्वारा चलाई जाने वाली 100 फीसदी बसें जल्द ही सड़कों पर दौड़ने लगेंगी। मुंबई और पड़ोसी क्षेत्रों में सार्वजनिक बस सेवाएं प्रदान करने वाली बेस्ट ने कुछ ठेकेदारों से पट्टे पर 1,600 से अधिक बसें किराए पर ली हैं, जिसके तहत वाहन का स्वामित्व, रखरखाव, ईंधन और चालक का प्रबंधन निजी संचालकों के जिम्मे है। निजी संचालकों के चालक समेत तमाम कर्मचारी वेतन वृद्धि और बेस्ट कर्मचारियों के बराबर वेतन देने समेत अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे थे। हालांकि, हड़ताल के दौरान बेस्ट ने अपने चालकों की मदद से पट्टे पर ली गईं 600 से अधिक बसों का परिचालन जारी रखा। प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार दोपहर को घोषणा की थी कि सोमवार रात महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ बैठक के बाद उन्होंने दो अगस्त से जारी हड़ताल को वापस ले लिया है। मीडिया में जारी एक बयान में उन्होंने यह भी दावा किया कि शिंदे ने वेतन वृद्धि सहित उनकी मांगों को स्वीकार कर लिया है और उन्हें पूरा करने का वादा किया है।



# मेट्रो 14 के भी निजीकरण की चर्चाएं तेज...



**मुंबई :** सड़कों से टोल के जरिए दोनों हाथों नोट बटोरने के अलावा सरकार बेस्ट व अस्पतालों में निजीकरण को बढ़ावा देने का सरकारी प्रयास तेज होता दिख रहा है। इसी बीच अंबरनाथ-बदलापुर-महापे के लाखों निवासियों को राहत देने के लिए एमएमआरडीए के मार्फत साकार की जा रही मुंबई मेट्रो १४ के भी निजीकरण की चर्चाएं तेज होने लगी हैं। मजेंटा लाइन के नाम से पहचानी जानेवाली मेट्रो-१४ बदलापुर, अंबरनाथ, निलजे, शिल फाटा, महापे, घनसोली के क्षेत्रों को पार करेगी और अंतिम ठाणे क्रीक को पार करके कांजुरमार्ग में ग्रेटर मुंबई की सीमा तक पहुंच जाएगी। कुल मिलाकर इस कॉरिडोर में १५ स्टेशन होंगे, जिनमें से १३ एलिवेटेड, एक अंडरग्राउंड और एक ग्रेड पर होगा। गौरतलब हो कि २०१४ में इस मेट्रो रूट के शुरू होने से पहले की गई स्टडी के आधार पर अनुमान लगाया गया था कि २०२१ में ६.६५ लाख यात्री इस मेट्रो का इस्तेमाल करेंगे और यात्रियों की सुविधा के लिए कंपनी ने ६ रेकों वाली ट्रेन चलाने की बात कही थी, लेकिन फिलहाल मेट्रो रूट पर हर दिन चार कोचों वाली ३३८ फेरियां चलाई जा रही हैं, जिनमें प्रतिदिन ४.३५ लाख यात्री यात्रा करते हैं।

# बीएसपी नेता गौरव नंद का मुंबई आगमन पर भव्य स्वागत







**मुंबईः शनिवार 12 अगस्त** को एक व्यवसायिक बैठक में भाग लेने के लिए दिल्ली से मुंबई पहुंचे उत्तर प्रदेश बीएसपी के कद्दावर युवा नेता गौरव नंद का शनिवार शाम वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।यहां पर बता दें कि मुंबई यात्रा की तीन दिवसीय शेड्यूल को सीमित करते हुए अभिलंब 24 घंटे में ही उनकी लखनऊ वापसी हो गई। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में व्यवसायिक बैठक समाप्त कर गौरव नंद मुंबई के उपनगर गोरेगांव पहुंचे जहां पर वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा ने उनके भव्य स्वागत का आयोजन किया था आयोजन के मुख्य अतिथि गौरव नंद के शिरकत करते ही वहां पर उपस्थित मुंबईकरों में खुशी की लहर दौड़ गई। यहां पर कार्यक्रम के ऑगेर्नाइजर अनिल शर्मा प्रबंध संपादक हिंदी साप्ताहिक कदम-कदम पर ने बताया कि बहुत ही अल्प समय में कार्यक्रम की व्यवस्था की गई। नंद के आने के एक घंटे पहले ही उनके मुंबई शेड्यूल में फेरबदल की जानकारी उनसे मिली।मुंबई शहर में अपनी काबिलियत का डंका बजाने वाले एक महान शख्सियत की कहानी है जिन्हें हम उद्योगपति कलेक्टर शर्मा के नाम से जानते हैं, कहते हैं कि लक्ष्य को पाने का जुनून और जिद इंसान को कामयाब बनाता है। शुरूआत हमेशा छोटी होती है, लेकिन लगन, मेहनत और ईमानदारी से कोई काम किया जाए तो एक दिन सफलता जरूर मिलती है। मुंबई मायानगरी में इसी लाइन को चरितार्थ किया कलेक्टर शर्मा ने इसी मुंबई शहर में शून्य से शिखर तक पहुंचने में उन्होंने कई कीर्तिमान स्थापित किया। विश्व विख्यात कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने भी उनकी काबिलियत का लोहा माना और उन्हें दर्जनों प्रशस्ति पत्र देकर उनके व्यक्तित्व को सम्मानित किया। आज मौका था उत्तर प्रदेश बीएसपी के तेजतर्रा युवा नेता गौरव नंद के सत्कार का कलेक्टर शर्मा ने गौरव नंद को पुष्प हार पहना कर मुंबई शहर में उनका हार्दिक स्वागत किया। जिनमें उनका साथ दिया वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा ने नंद को पुष्प गुच्छ के साथ भगवान बालाजी की तस्वीर प्रतीक चिन्ह के तौर पर सप्रेम भेंट की। गौरव नंद से इस मुलाकात में शामिल रहे सम्मानित मुंबईकर हरिशंकर शर्मा, प्रदीप शर्मा, ब्रम्ह्देव शर्मा, जयनाथ शर्मा, रवि शर्मा, संजय शर्मा, बाबा शर्मा, मंगेश शर्मा, समीर शर्मा सारे गणमान्य व्यक्तियों का वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा ने गौरव नंद से क्रमशः परिचय कराया। सामूहिक मुंबईकरों ने मिलकर गौरव नंद को एक सुंदर, सूक्ष्म, न्यायसंगत एवं तीव्र मूल्यवान तोहफा दिया जो अत्यंत शक्तिशाली है जिसे हम कलम के नाम से जानते हैं लोग उसे पेन भी कहते हैं। इस मूल्यवान उपहार से गौरव नंद काफी प्रभावित हुए। सभी से मिले आत्मीय स्नेह के लिए उन्होंने सभी के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

## महात्मा गांधी के परपोते को हिरासत में लिया गया, जानें क्या है मामला

**मुंबई :** महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी ने बुधवार को दावा किया कि 'भारत छोड़ो दिवस मनाने के लिए मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान जाते समय उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया। तुषार गांधी ने ट्वीट किया, ''नौ अगस्त को 'भारत छोड़ो दिवस मनाने के लिए घर से निकलने के बाद मुझे सांता क्रूज पुलिस थाने में हिरासत में लिया गया। ऐसा स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार हुआ है।

मुझे अपने दादा-दादी बापू (महात्मा गांधी) और बा (कस्तूरबा गांधी) पर गर्व है जिन्हें इसी ऐतिहासिक तारीख पर अंग्रेजों ने हिरासत में लिया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि तुषार गांधी मैदान पहुंच गये हैं। गांधी ने कहा, मुझे बताया गया कि मैं कानून-व्यवस्था की स्थिति के लिए खतरा हूं, क्योंकि मैं गिरगांव चौपाटी से अगस्त क्रांति मैदान तक शांतिपूर्ण मार्च में शामिल होने के लिए सुबह घर से निकला था।

# मुंबई में शिवसेना विधायक के बेटे ने गन पॉइंट पर बिजनेसमैन को किया किडनैप...

महाराष्ट्र : महाराष्ट्र के मुंबई में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां सीएम एकनाथ शिंदे गुट के विधायक प्रकाश सुर्वे के बेटे राज सुर्वे और अन्य के खिलाफ अपहरण और मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि विधायक के बेटे ने अपने 10-12 लोगों के साथ एक म्यूजिक कंपनी के उएड राजकुमार सिंह को गन पॉइंट पर लेकर उसका अपहरण कर लिया। बाद में पुलिस ने पीछा कर बचाया है।

**विधायक के दफ्तर ले गए किडनैपर**

पीड़ित राजकुमार ने बताया कि उन्हें 9 अगस्त को गोरेगांव ईस्ट स्थित चिंतामणि क्लासिक कॉम्प्लेक्स से मारपीट कर किडनैप किया गया। किडनैप करने वाले उन्हें विधायक प्रकाश सुर्वे के कार्यालय ले गए। उनका कहना है उन्होंने आदि शक्ति प्राइवेट लिमिटेड म्यूजिक कंपनी के मालिक मनोज मिश्रा से बिजनेस लोन लिया था। विधायक के बेटे राज सुर्वे ने उन्हें इस लोन को खत्म करने के लिए कहा। इस बात की धमकी भी दी कि वे किसी को न बताएं।

### 8 करोड़ का कर्ज विवाद की जड़

**इस मामले में 8 करोड़ रुपए का ऋण शामिल है, जो आदिशक्ति फिल्म्स नामक एक यूट्यूब चैनल के मालिक को इसलिए दिया गया था कि इसका उपयोग सामग्री बनाने के लिए किया जाएगा। मालिक पर पैसे नहीं लौटाने और इस घटना को एग्रीमेंट रद्द करने के बहाने के तौर पर इस्तेमाल करने का आरोप है।**

### कर्मचारी की सूचना पर हरकत में आई पुलिस...

**सीसीटीवी फुटेज में 10-15 लोगों का एक समूह जबरन एक कार्यालय में प्रवेश कर रहा है। कर्मचारियों के साथ मारपीट कर रहा है और एक व्यक्ति को जबरन ले जा रहा है। इसके बाद अपहरणकर्ता पीड़ित को दो कारों में लेकर चले गए। कार्यालय के एक कर्मचारी ने तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन किया और घटना की सूचना दी। पुलिस तुरंत हरकत में आई और पीछा करने के बाद उत्तरी मुंबई के दहिसर (पूर्व) में वाहन को पकड़ने में कामयाब रही।**







